राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः–ए.पी.एस./ए.ड़ी/ड़ी.एल.बी./2021/ 19199 दिनांकः– 24/09/2021

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम/नगर परिषद्/नगर पालिकाएं,
समस्त राजस्थान।

विषयः–प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 में पट्टा जारी किये जाने हेतु राजकीय अभिलेखागार मे उपलब्ध जागीरदारी/अन्य प्राचीन पट्टों/दस्तावेजों के उपयोग के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 के तहत् पट्टा जारी करने के सम्बन्ध मे लेख है कि राजकीय अभिलेखागार के **जयपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं अलवर** स्थित कार्यालयों मे पूर्व मे जागीरदारों द्वारा जारी पट्टे, अन्य प्राचीन पट्टे दस्तावेज डिजिटल रूप मे उपलब्ध हैं। अभियान के द्वारा पट्टे जारी करने हेतु आवश्यक होने पर राजकीय अभिलेखागार से वांछित दस्तावेज प्राप्त किये जा सकते हैं। वांछित दस्तावेज आम लोगों को सहज एवं सुलभ रूप से उपलब्ध कराने हेतु राजकीय अभिलेखागार विभाग को अनुरोध किया जा चुका हैं। उक्त चारों शहरों मे अभिलेखागार से सम्बन्धित अधिकारियों का विवरण निम्नांकित हैं:–

1. **श्री चन्द्रसैन सिंह शेखावत, उप निदेशक, राज्य अभिलेखागार, जयपुर मो0 7790913718**
2. **श्री राजेन्द्र सिंह, सहायक निदेशक, राज्य अभिलेखागार, जोधपुर मो0 8560032155**
3. **श्री दिलीप वर्मा, कार्यालय अधीक्षक, बीकानेर मो0 9929640440**
4. **श्री वसंत सिंह, सहायक निदेशक, राज्य अभिलेखागार, अलवर मो0 9782837024**

उल्लेखनीय है कि जयपुर स्थित राज्य अभिलेखागार में समस्त राजस्थान के, तत्कालीन जागीरदारों द्वारा जारी पट्टे, उपलब्ध हैं।

अतः इस सम्बन्ध में आम लोगों को अधिकाधिक जानकारी दी जावें जिससे वो पट्टे हेतु आवश्यक दस्तावेज सुविधापूर्वक प्राप्त कर सकें। उक्त चारों शहरों में कैम्प के दौरान राज्य अभिलेखागार काउन्टर आवश्यक रूप से लगाये जावें, जहाँ से लोग आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर सकें। इस हेतु अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों से शिविर लगाने से पूर्व ही आवश्यक व्यवस्थाऐं एवं समन्वय किया जावें।

(दीपक नन्दी)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांकः–ए.पी.एस./ए.ड़ी/ड़ी.एल.बी./2021/ 19200 – 19242 **दिनांकः–** 24/09/2021

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. निजी सचिव, सलाहकार महोदय, यू.डी.एच., एल.एस.जी. एवं आवासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विभाग विभाग, राजस्थान, जयपुर।
04. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महो., पर्यटन, कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग, राज. जयपुर।
05. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
06. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
07. निजी सचिव, निदेशक महोदय, अभिलेखागार विभाग, राजस्थान बीकानेर।
08. जिला कलेक्टर, समस्त राजस्थान।
09. सुरक्षित पत्रावली।
10. IT अनुभाग, विभागीय वेबसाइट पर उपलोड करने हेतु।

(संजीव कुमार पाण्डेय)
अतिरिक्त निदेशक